Regarding need to include Hatya Haran religious site in Ramayana Circuit-laid

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख):** यह प्रसन्नता की बात है कि केंद्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश भर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण पर ध्यान देते हुए रामायण सर्किट के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारंभ किया है और ?रामायण सर्किट? यानि भगवान श्री राम से जुड़े प्रमुख स्थानों को एक साथ जोड़ने की योजना बनाई है, जिसमें देश के कई राज्यों के उन 15 स्थान को चुना गया है जहां से श्री राम गुजरे थे ।

उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में बालामऊ विधानसभा क्षेत्र में स्थित हत्या हरण एक प्रमुख धार्मिक स्थल है । यहां स्थित हत्या हरण कुंड श्री भगवान नाम से गहरा ताल्लुक रखता है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि जिस प्रकार से राज्य के अयोध्या, श्रृगवेरकर, चित्रकूट, नंदीग्राम एवं देश के दूसरे राज्यों के अन्य स्थल में भगवान श्री राम से जुड़े हुए हैं, का रामायण सर्किट योजना में चयन किया गया है, उसी प्रकार से हत्या हरण धार्मिक स्थल को भी इस योजना में शामिल किए जाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए ।